खबर संक्षेप

## बायसन को देखकर बाघ भागा, पर्यटकों ने इस नजारे को किया कैमरे में कैद



**मण्डला।** कान्हा नेशनल पार्क में बाघ और बायसन (गौर) एक वीडियो सामने आया है। जिसमें सॉसर के पानी में एक बाघ नजर आ रहा है। दूर से एक बायसन को आते देख बाघ दौड़ लगाकर सॉसर से जंगल की तरफ भाग गया। कान्हा में ऐसे नजारे अनोखे ही होते है, जो पर्यटकों को देखने को मिलता है। जहां बाघ, बायसन को देख कर दौड़ लगा भागता नजर आता है, जिसे पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया जो अब सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। बताया गया कि बायसन को देख बाघ के भागने का वीडियो कान्हा नेशनल पार्क के धवाझंडी कैंप के सौसर का है। जिसे पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पार्क में बानाए गए सॉसर में एक बाघ गर्मी से राहत पाने पानी में बैठा हुआ है उसी दौरान एक बायसन भी शायद पानी पीने के लिए सॉसर की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। बायसन को सॉसर के तरफ आते देख बाघ वहां से भाग खड़ा होता है। अमूमन बाघ कभी ऐसा व्यवहार नहीं करता लेकिन उक्त बाघ की हरकत से पर्यटक भी चकित रह गए। उन्होंने इस नजारे को कैमरे में कैद कर लिया।

### अनियमितताओं का स्थाई ठिकाना बना बीईओ कार्यालय

# अब कार्यालय में शराब से परहेज नहीं

* शराब का सेवन करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल जो शिक्षक कार्यालय आया था वह शराब पिया हुआ था किंतु उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जब शिक्षकों से इस विषय में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि जिस ऑपरेटर के द्वारा घोटाला किया गया है वह तो प्रतिदिन शराब पीकर आता था और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैडम उसके बगल में बैठकर कार्य करती थी अर्थात शराब की यह प्रवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से ही चलती थी तो फिर शिक्षक क्यों इस बात से अछूते रहें।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय निवास में अनियमिताओं का दौर जारी है, कुछ शिक्षकों को 6 माह से वेतन नहीं तो कुछ को विगत दो वर्षों से एरियर्स का भुगतान नहीं हुआ वहीं कुछ शिक्षकों को आदेश होने के बाद भी क्रमोन्नति का लाभ नहीं और एक महिला शिक्षकों को प्रसूति अवकाश के दौरान भी 6 माह तक वेतन नहीं होने से शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला विगत मंगलवार को देखने को मिला जब एक शिक्षक अपनी पत्नी के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे तब जानकारी लगी की पिछले 7 माह से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है सपरिवार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर घंटों पति-पत्नी बैठे रहे पर जिम्मेदार अधिकारी के कानों में जूं नहीं रेंगी, इसी तरह सेवानिवृत शिक्षक भी अपने लंबित भुगतानों के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैडम के द्वारा जांच का बहाना बताकर भुगतान करने से मना किया जाता है जबकि एक शिक्षक ने बतलाया कि ट्रेजरी में चर्चा करने पर जानकारी लगी है कि इस तरह की कोई भी रोक नहीं लगी है, सभी भुगतान हो रहे हैं।

वहीं सूत्र यह भी बता रहे हैं कि गोपनीय तरीके से जो व्यक्ति कार्यालय में बैठकर लेनदेन करता है उसके कार्य किए जाते हैं इस कारण से शिक्षक परेशान रहते हैं, इसी तरह शिक्षकों का संग्लनिकरण का खेल भी चल रहा है अतिथि शिक्षक भर्ती में भी जहां एसएमडीसी और संस्था का कार्य रहता है वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दबाव बनाकर अपने चहेतों को नियम विरुद्ध तरीके से अतिथि शिक्षक के रूप में रखा गया जिसकी शिकायत भी पीड़ित जनों ने कलेक्टर मण्डला तक से कर चुके हैं, पर आज तक जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जानकारी है कि मंगलवार को एक शिक्षक कार्यालय में आया था वह वेतन न मिलने से तनाव में शराब का सेवन हुआ था इस बजह से उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई, जब शिक्षकों से इस विषय में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि जिस ऑपरेटर के द्वारा घोटाला किया गया है वह तो प्रतिदिन शराब पीकर आता था और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैडम उसके बगल में बैठकर कार्य करती थी अर्थात शराब की यह प्रवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से ही चलती थी तो फिर शिक्षक क्यों इस बात से अछूते रहें।

उक्त गैरजिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही पर समय रहते जिले के आलाधिकारियों ने अंकुश नहीं लगाया जिसके फलस्वरूप उक्त अधिकारी अपने कर्तव्य से बेपटरी हुईं और यही कारण है कि हाल में कई लाखों के घोटाले का मामला उजागर हुआ है, किंतु घोटाले की जांच होते एक महीना होने जा रहा है अभी तक न तो किसी पर मामला दर्ज हुआ और न ही किसी तरह की कोई कार्रवाई हुई जिले में बैठे अधिकारियों के द्वारा भी इस मामले में क्यों संज्ञान नहीं लिया जा रहा है यह भी समझ से बाहर है शिक्षकों के साथ किया जा रहे दोयम दर्जे के व्यवहार से शिक्षण जगत में आक्रोश है वहीं शिक्षकों का कहना है कि भ्रष्टाचार कोई और कर रहे हैं और उसकी सजा हमें मिल रही है हमारे लंबित भुगतानों का निराकरण नहीं किया जा रहा है एरियाज कटे हुए वेतन आदि का भुगतान नहीं किए जाने से परेशानी हो रही है विगत दो माह से वेतन भी आधा महीना गुजर जाने के बाद किया जा रहा है, शिक्षक दबी जुबान से यह बात भी कह रहे हैं कि जीवित लोगों का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है या फिर हमारी भी काटी गई लंबित राशि किसी और के खाते में डाल दी गई है, कलेक्टर कार्यालय द्वारा कब इस मामले में संज्ञान लेकर शिक्षा विभाग में हो रही गंभीर लापरवाही व भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जायेगी और शिक्षकों के साथ हो रहे अत्याचार से उन्हें न्याय दिलाया जायेगा। ऐसा भी नहीं कि यह जिले के सिर्फ एक विकासखण्ड की स्थिति हो कमोवेश पूरे जिले में बीईओ कार्यालय अपनी मनमानी पर उतारू हैं यदि गंभीरता से जांच की जाये तो ये सभी अधिकारी सीखचों के पीछे होंगे।

## 7 दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में आयोजित सप्तदिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का समापन 19 मई 2024 को 11 कुंडीय महायज्ञ व शिविरार्थियों के द्वारा शस्त्रों के भव्य प्रदर्शन के साथ किया गया। 13 मई से 19 मई तक चलने वाले इस युवा चरित्र निर्माण शिविर में अनेकों जिले व प्रांतों से विद्यार्थियों ने भाग लिया व शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की, कार्यक्रम के पश्चात सभी शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्वान, सन्यासी, नेता व अधिकारीयों की उपस्थिति रही, जैसे आचार्य वेदाकर (गुरुकुल तेलंगाना), आचार्य मनु देव (गुरुकुल उड़ीसा), आचार्य सत्येंद्र (गुरुकुल महाराष्ट्र), आचार्य भद्रपाल (उत्तर प्रदेश) संपतिया उईके (कैबिनेट मंत्री), बहन प्रिया धुर्वे (समाज सेविका, महिला जिलाध्यक्ष), अशोक धुर्वे (मुख्य महाप्रबंधक बिजली विभाग), विनोद कछवाहा (नगर पालिका अध्यक्ष), भारतीय प्रियंका पाराशर (cgst inspector), अभिषेक आर्य (भजनोपदेशक, सहारनपुर), चम्मूलाल झारिया (देवरी कला बिछिया), अजय शर्मा (वकील), सुजेश आर्य व प्रधान आर्य समाज छिंदवाड़ा प्रेमलाल गुप्ता (उपाध्यक्ष सनातन गुरुकुल व गोशाला समिति, भूतपूर्व सैनिक), मुकेश मौर्य (सचिव, सनातन गुरुकुल व गोशाला समिति), पूरन सिंह ठाकुर, विभु आर्य (आर्य समाज मंडला), रामचंद्र आर्य (आर्य समाज मंडला), डॉ विकास राय डॉक्टर नीलसिंह संजय ठाकुर, दुर्गेश यादव, अनिल खंडेलवाल (नैनपुर) अमित आर्य (नैनपुर) समस्त ग्रामवासियों, धर्मप्रेमी सज्जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# दो सड़क हादसों में एक की मौत, 26 लोग घायल

* दूसरा हादसा पिकअप और गामा टेम्पो में भिंडत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मंडला जिले में बुधवार को दो सड़क हादसों में एक की मौत और 26 लोग घायल हो गए। पहला हादसा महाराजपुर थाना अंतर्गत ग्राम इमली गोहान में हुआ, जहां बरातियों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो महिला, एक बच्चे समेत करीब 15 घायल है। दूसरा हादसा पिकअप और गामा टेम्पो में जोरदार भिंडत हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। यह सड़क हादसा बीजाडांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोनियां के पास हुआ है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडांडी और गंभीर घायलों को जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया गया।

जानकारी अनुसार मंडला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को बारातियों से भरा ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। दुर्घटना सुबह करीब 9.30 बजे ग्राम इमलिगोहान के नजदीक घटित हुई, जिसमें ट्रक में सवार दो महिला और एक बच्चे सहित करीब 15 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल महाराजपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महाराजपुर थाना प्रभारी ममता परस्ते ने बताया कि बीती रात ग्राम खटिया से एक बारात इमलीगोहान आई हुई थी। कार्यक्रम संपन्न कर जब वे सुबह ट्रक में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे, उसी दौरान इमलीगोहान से कुछ ही दूरी पर ट्रक पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वही दुर्घटना के बाद ड्राइवर ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जाँच और ड्राइवर की तलाश कर रही है।

जानकारी अनुसार ग्राम साल्हे पानी से मनेरी की ओर जा रहे गामा वाहन एमपी 28 ए 2134 की पोनियां गांव के पास सामने से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 9058 से जोरदार आमने सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से घायलों को बहार निकाला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मनेरी पुलिस ने घायलों को बीजाडांडी और निवास स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चौकी प्रभारी पुनीत वाजपेई ने बताया कि दोनों ही वाहनों में सवार करीब 11 लोग घायल हुए हैं। जिनमें से कुछ को गंभीर चोट आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। हादसे में एक व्यक्ति हंसु मरावी 28 वर्ष निवासी साल्हेपानी की मौत हो गई।



## अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



दिनांक 22.05.2024 को पश्चिम सामान्य वनमण्डल मण्डला अंतर्गत परिक्षेत्र महाराजपुर में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2024 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वनमण्डलाधिकारी निथ्यानन्थम एल एवं उपवनमंडलअधिकारी श्रीराम सूत्रकार के निर्देशन में किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम कि थीम बी पार्ट ऑफ द प्लान के विषय में लोगों को जागरूक कर नागरिकों और समुदायों के जैव विविधता के संरक्षण में भूमिका के विषय में परिक्षेत्र अधिकारी महाराजपुर मयंक उपाध्याय द्वारा विस्तार से बताया गया एवं मिशन लाइफ अंतर्गत प्रो प्लेनेट पीपल के लिए नागरिकों को पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के विषय में समझाइश दी गई। कार्यक्रम में सोहनलाल राजद्वार, हेमंत नामदेव, द्वादेशपुरी गोस्वामी, लक्ष्मी प्रसाद सोनी उपस्थित रहे।

## गबन तथा धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा

**मण्डला।** गबन तथा धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की जाँच कर उनमें नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है, जल्द दर्ज कराएं। प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही आगामी 2 माह में पूर्ण करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सहायक आयुक्त सहकारिता के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के गोलमेज सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, महाप्रबंधक सहकारिता एनके कोरी, सहायक आयुक्त सहकारिता राजेश उईके सहित संबंधित उपस्थित रहे।

अनदेखी | पहली बारिश में चेकडेम की गुणवत्ता खुलने की आशंका।

# चाबी झांडाटोला में गुणवत्ताविहीन चेकडेम निर्माण

* मानकों के विपरीत हुआ निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले चेक डेम से उस क्षेत्र के लोगों को निस्तार के साथ खेतों में सिंचाई के लिए पानी की पूर्ति और जल संचय का एक अच्छा साधन होता है, लेकिन लोगों के हित में बनाया जा रहा जनपद पंचायत मोहगांव अंतर्गत ग्राम चाबी के झंडाटोला में चेक डेम अनियमित्ता की भेंट चढ़ गया है। यहां बनाया गया चेक डेम गुणवत्ताविहीन बनाया गया है। ग्रामीणों ने इस चेक डेम निर्माण की जांच की मांग की है।

जानकारी अनुसार ग्राम चाबी के झंडाटोला में 15 वां वित्त की राशि से जनपद स्तर पर एक चेक डेम निर्माण की स्वीकृति हुई। चेकडेम निर्माण कार्य की लागत 13.62 लाख रूपए थी। ग्राम पंचायत चाबी को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। जिसके एक जनप्रतिनिधि द्वारा इस चेकडेम का निर्माण कार्य कराया गया है। ग्राम चाबी के झंडाटोला में बनाया गया चेक डेम का उद्देश्य यहां के ग्रामीणों को इस निर्माण कार्य से स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सके इसके साथ ही इस चेक डेम से ग्रामीणों को निस्तार एवं अपने खेतों में सिंचाई के लिए पानी मिल सके, लेकिन लाखों रूपए खर्च कर बनाया गया चेक डेम अनियमित्ता की भेंट चढ़ गया है। जल संचय के लिए बनाई गई योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। गुणवत्तायुक्त मापदण्ड के अनुसार मटेरियल उपयोग नहीं किया गया है। चेकडेम बनने के बाद डेम में गेट भी नहीं लगाए गए है। चेकडेम का रंगरोगन कर दिया गया है।

बताया गया कि जनपद पंचायत मोहगांव अंतगर्त पेयजल और जल संचय को लेकर योजनाएं बनाई जाती है। बावजूद इसके योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता और गड़बड़ी की वजह से योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है। सरकारी योजनाओं में सांठगांठ कर अधिकारी, जनप्रतिनिधि की मिलीभगत से शासकीय राशि की खूब होली खेली जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चाबी के झंडाटोला में बनाया गया चेक डेम में इतना भ्रष्टाचार किया गया है कि इसके निर्माण में बिना लोहे के जाल बिछाए बेस डाल दिया गया। इसके ऊपर लोहे की राड लगाकर पूरा स्टाफ डेम बना दिया गया, जो कितने दिनों तक अपने ही स्थान खड़ा रह सकता है। यह आने वाला समय ही बताएगा। चेक डेम निर्माण हद दर्जे की लापरवाही बरती गई है। जिसका लाभ शायद ही क्षेत्र के लोगों को मिल पाएगा।

### चट्टान के ऊपर सीधे बना दिए चेक डेम

ग्रामीणों का कहना है कि चेक डेम निर्माण इतना घटिया किया गया है कि पहली बारिश में ही इस निर्माण कार्य की पोल खुल जाएगी। चेकडेम बनाने से पहले यहां पानी रोकने के लिए जितनी गहराई होनी चाहिए उतनी खुदाई नहीं हुई है, ना ही चट्टानों को ब्लास्ट से तोड़ा गया है। सीधे चट्टानों के ऊपर बिना लोहे के जाल बिछाए बेस डालकर चेक डेम निर्माण कर दिया गया है। इस घटिया निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध भी किया था, लेकिन पंचायत की मनमानी के आगे ग्रामीणों की नहीं चल सकी और चेक डेम बनकर तैयार हो गया है।

## अपने घर मे पछियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ब्रह्माकुमारीज संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य पर ड्राइंग प्रतियोगिता रखी गई। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज मार्ग, बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में आयोजित समर कैम्प के दौरान यह कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, इको क्लब के सदस्य एवं प्रकृति प्रेमी भ्राता राजेश छत्री जी एवं समर कैंप में उपस्थित सभी बच्चे उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को जैव विविधता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस प्रकार हम मानव सेवा करते हैं उसी प्रकार पक्षियों की भी सेवा करनी चाहिए। वर्तमान में भीषण गर्मी है, पानी के अभाव में पशु पक्षी मर रहे हैं, इसलिए उनके लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिये। भ्राता राजेश छत्री जी ने सभी को जैव विविधता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को बताया कि वर्ष 2024 अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय योजना का हिस्सा बनें है। पशु पक्षियों और पर्यावरण की विस्तृत जानकारी दी। सभी बच्चों को पछियों के लिये मिट्टी के पात्र में पानी रखना सिखाया। और सभी बच्चों को अपने अपने घर मे पछियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सभी को जिला पुरातत्व संग्रहालय घुमाया गया। यहां पर बच्चों ने करोड़ों वर्ष पुराना पेड़, डाइनासोर के अंडे और मूर्तियां देखकर बहुत खुश हुए। बच्चों को यह भी बताया गया कि पादप जीवाश्म किस तरह निर्मित होते हैं साथ ही बच्चों ने मंडला जिले के स्थानीय मंदिर एवं ऐतिहासिक महलों को देखकर खुश हुए तथा यहां पर उपस्थित सैकड़ो वर्ष पुरानी मूर्तियां को देखकर छात्र प्रसन्न हुए।

## खबर संक्षेप

### झांझनखेड़ा के हाई स्कूल में समर केम्प के माध्यम से दी जा रही जरूरी जानकारियां



**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम झांझनखेड़ा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार , डीईओ एच पी कुर्मी के निर्देशन एवं प्राचार्य गिरीश पटैल के मार्ग दर्शन में समर कैम्प संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस समर केम्प के माध्यम से छात्र छात्राओं को विविध विधाओ को सिखाया जा रहा है। वही केम्प में छात्र छात्राएँ गर्मी से बचाव हेतु ओआरएस विलयन बनाना, वजन का मापन, पेंटिंग निर्माण, भेल बनाना सहित क्रिकेट की विधाओ को सीख रहे है। इसके अलावा ब्रेन बूस्टर एवं ब्रीथिंग एक्टिविटी भी सिखाई जा रही है। विद्यालय की शिक्षिका उमा आरसे ने बताया कि समर केम्प में प्रतिदिन छात्र छात्राएँ स्कूल आकर खेल खेल में विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करके आनंदित हो रहे है एवं उनमें सीखने की समझ विकसित हो रही है। कैम्प के आयोजन में रत्नेश विश्वकर्मा, नीलेश मेहरा, वंदना कौरव एवं सुषमा कौरव का भी सहयोग मिल रहा है।

### गर्मी के दिनों में सबकी प्यास बुझाने वाला छीपा तिराहा के पास स्थित हेण्ड पंप खुद दो बूंद पानी के लिये तरह रहा है..



**गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब गर्मी का दौर शुरू होता है तो लोग आम लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिये जगह जगह प्याऊ खोलने में पीछे नही रहते है तो दूसरी ओर अनेक जगहों पर बाटर कूलर तक स्थापित करते हुये देखे जाते है। इस तरह की सच्चाई नगर में देखने भी मिल रही है जहां पर समाज सेवी मुकेश बसेडिया व पूर्व पार्षद सुनील ठाकुर द्वारा प्याऊ स्थापित की गई। मगर हैरत के बाद है कि नगर के छीपा तिरहा के पास स्थित हेण्ड पंप इस समय पड रही भीषण गर्मी के दौरान खुद ही दो बूंद पानी के लिये मोहताज होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि हर साल इस हेण्ड पंप के चालू रहने की स्थिति में सैकड़ो लोग दिन भर ठंडा पानी पीते हुये देखे जाते थें तो आसपास के दुकानदारों के लिये भी ठंडा पानी उपलब्ध कराने में कोई कसर नही छोड़ रहा था। मगर इस साल इस हेण्ड पर की हाल इस तरह के बने हुये है कि वह आमजन के ठंडा पानी उपलब्ध कराने वाला हेण्ड पंप खुद ही बदहाली के आंसू बहाते हुये देखा जा रहा है। जबकि गौर किया जावे तो सरकार द्वारा गर्मी के पहले ही संबंधित विभाग को बंद पड़े हुये सभी हेण्ड पंपों को सुधारने के आदेश जारी किये गये थें। मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा इस हेण्ड पर की खबर लेना उचित क्यों नही समझा गया है यह चर्चा का विषय बनने के साथ विभाग की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है।

### आरोपियों की खोजबीन में जुटी पुलिस, घटना के पीछे पैसों के लेन देन की जताई जा रही संभावना..?

## नगर के शासकीय चिकित्सालय के पास मुख्य मार्ग किनारे वारदात

# युवक पर चाकुओं से हमला कर जघन्य हत्या







**गाडरवारा।** नगर में सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया जब मंगलवार की देर रात सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा खबर देखी की नगर के शासकीय चिकित्सालयके सामने स्थापित आईसीआई के पास मुख्य मार्ग पर एक युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। इस खबर से जहां नगर में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया तो दूसरी ओर पुलिस की रात भर सायरन बजाते हुये घूम रही गाड़ियों ने शहर वासियों को चिंता में इस बात को लेकर डाल दिया गया था कि आखिकर इस तरह मुख्य मार्ग पर घटित हुई घटना को अंजाम देने वाले आखिरकार आरोपी कौन होगे? इस तरह घटित हुई घटना के संबंध में जब नगर निरीक्षक उमेश तिवारी से चर्चा की गई तो उन्होने अपनी जानकारी में बताया कि हमे रात के लगभग 11.30 बजे सूचना मिली की शासकीय चिकित्सालय के सामने स्थित आईसीआई बैक के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है तथा उसके पेट से खून निकल रहा है। इस सूचना के आधार पर तुरंत मौके पर पुलिस को भेजा गया जहां पर पुलिस ने घायल अवस्था में पड़े हुये युवक को तुरंत उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। मगर वहां पर डाक्टरों द्वारा युवक को मृत घोषित किये जाने के साथ ही युवक के पेट व सीने में दिखाई दे रहे गेहरे गांवों से यह बात तो स्पष्ट हो रही थी कि किसी व्यक्ति द्वारा किसी चाकूनुमा हथियार से हमला करते हुये हत्या की गई।वही मृतक के संबंध में जब जानकारी एकत्र की गई तो उसकी पहचान अभिषेख उर्फ भूरा पिता जमना प्रसाद कौरव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम केकरा के रूप में की गई। इस तरह हत्या की बात स्पष्ट होते हुये पुलिस द्वारा घटना को लेकर रात से ही जांच शुरू कर दी गई थी और जहां तहां लगे हुये गुप्त केमरे की जांच की गई तो पता चला कि युवक पर तीन लोगों ने चाकूओं से हमला बोला गया था जिसके चलते पेट व सीने में गेहरा घाव होने के कारण युवक की मौत की संभावना लग रही थी। इस के चलते पुलिस द्वारा रात में ही मृतक के संबंध में जानकारी एकत्र करते हुये उसे विवाद रखने वाले कुछ युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वही दूसरी ओर घटना स्थल के पास आईसीआई बैक होने के कारण उसमें गुप्त केमरे लगे हुये जिनकी फुटेज प्राप्त करने के प्रयास किये रहे है। क्योंकि बैक के केमरों की फुटेज इस मामले की संपूर्ण गुत्थी सुलझाने व सही आरोपियों को पकड़ने में हम अहिम भूमिका निभा सकती है? वही दूसरी ओर हमारी टीम इस हत्या कांड के आरोपियों की खोजबीन में लगातार जुटी हुई है जिसके चलते शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरप्त में होगे? वही दूसरी ओर घटना को अंजाम देने वाले सही रूप से कितने लोग है तथा हत्या कांड का कारण क्या है इस बात की सच्चाई तो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही उजागर हो पायेगी। हमारे द्वारा मृतक अभिषेख कौरव के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है। वही घटना को लेकर हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह नगर निरीक्ष उमेश तिवारी द्वारा घटना की संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। वही दूसरी ओर इस तरह नगर के प्रमुख मार्ग यानि की राठी तिरहा से स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग होने के साथ साथ घटना स्थल से चंद दूरी पर नगर का शासकीय चिकित्सालय स्थित होने के चलते यहां पर दिन भर भीड़ भाड का आलम बना रहता है। वही दूसरी ओर रात के समय में लोगों की आवाजाही बनी रहती है। मगर इसके बाद ही रात के 11 से 12 बजे के बीच घटित हुई यह हत्या की घटना ने अनेक सबाल खड़े कर दिये गये है? वही दूसरी ओर नगर के मुख्य मार्ग के किनारे युवक की चाकूओं से की गई हत्या को लेकर मृतक के परिजनों द्वारा आरोपियों को शीर्घ गिरप्तार करने की मांग करते हुये रोष प्रकट किया जा रहा था उसके चलते नगर के शासकीय चिकित्सालय में शव के पंचनामा व पोस्ट मार्टम की कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## सालीचौका में प्रस्तावित ओवर ब्रिज का स्थान परिवर्तन को लेकर नगर के लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**सालीचौका।** मंगलवार नगर में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज की स्थान परिवर्तन करनें मांग को लेकर नगर के आम नागरिकों सहित व्यापारियों, किसानों ने नगरपरिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भवानी प्रसाद शर्मा एवं डी आर एम को आईओडब्ल्यू के नाम स्टेशन मास्टर प्रकाश पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। बताया जाता है कि ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि देश में रेल विभाग द्वारा सभी रेलवे गेट समाप्त कर उन पर ओवर ब्रिज 'पुल' बनाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गाडरवारा तहसील के अंतर्गत नगर सालीचौका में बनने वाला पुल खेरुआ मोड़ से शुरू होकर पशु चिकित्सा केंद्र के सामने उतारने की बात कही जा रही है। वही प्रस्तावित इस ओवबर ब्रिज की लंबाई लगभग 680 मीटर या 2200' फुट बताई जा रही है? वही इस ओवरब्रिज के निर्माण में लगभग 4 साल का समय लगने का अनुमान है। इस हाल में यहां का रेलवे गेट बंद हो जाएंगे तब तक जनता नगर से बाहर कहा से कैसे जायेगी । वही नगर की सभी मुख्य संस्था इसी सड़क मार्ग पर एक ही कतार में हैं जैसे पशु चिकित्सा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगर परिषद कर्यालय, पुलिस उपथाना, पोस्ट ऑफिस, कन्या शाला, मीटिंग हाल , शासकीय डॉक्टर नर्स के घर के अलावा दोनों तरफ कृषिक्षेत्र, वेयर हाउस अनाज मंडी भी हैं । इस सड़क पर ब्रिज बनने के कारण इन सभी शासकीय संस्थानों में जनता कैसे जा पाएगी यह चिंता सता रही है। इसी बात को लेकर लगर के लोगों का कहना है कि नगर को ओवरब्रिज की तो अति आवश्यकता है। मगर यदि एक बार यह ब्रज वर्तमान में प्रस्तावित स्थान से बन गया तो हमेशा के लिए बड़ी दिक्कत हो जाएगी । इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर के आमजन व नागरीको व्यापारियों, किसानों ने जिला प्रशासन के नाम युवा नेता मनीष राय (छोटूभैया) के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया एवं मांग की गई है कि ओवरब्रिज का नक्शा ऐसा बनाया जाए जो कि नगर के विकास में बाधा न बन पाए और आम जनता परेशान न हो सके व आवागमन सुलभ रहे। ज्ञापन में सुझाव दिया है कि सालीचौका मोटर स्टेंड से रेलवे स्टेशन क्रास कर पुराना गल्ला बजार के आगे मुख्य बाजार तक या फिर खैरुआ रोड की ओर जाने वाले रास्ते से शमशान घाट जाने वाली पुलिया के ऊपर से बनाया जा सकता है। यहां से शासकीय भूमि का प्रयोग होता है तथा यहां से पचामा, अमाडा, बसुरिया आदि के ग्रामीणों को गाडरवारा या अन्य स्थानों शहरों में जाने नगर की सीमा में प्रवेश नहीं करना पडेगा।। ज्ञापन सौपते समय डा.यतीन्द्र शर्मा, बिरेंद्र चौकसे, गजराज सिंह रोहेला, पार्षद अमरीश राय,पार्षद व व्यापारी संघ अध्यक्ष जितैंद्र राय (जित्तू सेठ) राम सहाय पटेल, पार्षद सूरज राय, अमरराज पटेल, गोलू गुप्ता, शास्वत राय, रेवाराम राजपूत, हर्षित राय, अनुपम राय, प्रशांत विश्वकर्मा महेश विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा, गौतम साहू, आनंद चौकसे , विनोद खरे, नीरज साहू, आनंद गुप्ता, अवधेश चौकसे, अजीत महाराज, सन्नी खरें सहित अनेक लोग मौजूद थें।

## सूरज की तपन से मानव जीवन से लेकर पशु पक्षी भी परेशान, पानी के लिए भटक रहे मूक पशु



**सालीचौका।** इन दिनों भीषण गर्मी अपने शबाब पर रहने से सूर्यदेव के रौद्र रूप दिखाने से नगर की गलियो में सन्नाटे का आलम जहां दिखायी दे रहा है। वही धूप की चुभन के दौरान लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो रहा है। इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गर्मी के तेवर तीखे होते जाने से शहर की जीवन रेखा शक्कर नदी की जल राशि समाप्त हो चुकी है और शहर का जल स्तर भी कम होने लगा है, जिसके चलते जहां मूक पशु पीने के पानी को लेकर परेशान नजर आ रहे है। वही दूसरी ओर पक्षियों को भी गर्मी के चलते ठंडक पाने के लिए भटकते हुए देखा जा रहा है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि गर्मी का असर सबसे ज्यादा उन पक्षियों पर पड़ रहा है जिसके चलते वह पानी की खोज में भटकते हुए देखे जा रहे है। हालत यह है कि गर्मी के भीषण होते जाने से दोपहर में पक्षियों की आवाज कम सुनी जा रही है और शहर का वातावरण अजीब हो गया है। गौरतलब है कि गर्मी के एकाएक बढ़नें का विपरीत असर जन स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इस समय लगातार बढ़ती जा रही गर्मी से परेशान शहरवासियो का कहना है कि गर्मी तो अपना असर दिखाने बेताब है पर उससे पीड़ति होने वालों की सुध जिम्मेदारो द्वारा नही ली जा रही है, नगर के कई वार्डो में गंदगी के लगे अम्बारो को हटाने, चोक नालियॉ खोलने व नगर के अनेक वार्डो में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था न होने से माहौल जिस तरह प्रदूषित हो रहा है उसके चलते नगर के लोगों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर इन समस्याओं पर संबंधित प्रशासन कम ध्यान दे रहा है, जिसका नतीजा है कि शहरवासियो को बढ़ती जा रही गर्मी के दिन व्यतीत करना तो मुश्किल हो ही रहा है वही दूसरी ओर रात में मच्छरो की वजह से उनको सुख की नींद भी नसीब नहीं हो रही है, ज्ञातव्य है कि गर्मी के बढ़नें का असर क्षेत्र के जन जीवन पर भी पड़ने लगा है।

## सूकरी गांव में नालियों का पानी बह रहा सड़कों पर



**कौड़िया।** भले ही गांवों के विकास के नाम पर सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च की जा रही है, वही दूसरी ओर ग्राम पंचायतों द्वारा भी स्वच्छता के नाम पर सरकारी राशि खर्च करते हुए कागजों में स्वाच्छता अभियान को सफल बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जहा रही है। मगर जिस प्रकार से गांवों में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है उस ओर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही क्षेत्र के वह जन प्रतिनिधि जो आये दिन स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने हाथों में झाड़ू लेकर अखबारों की सुर्खियों में बनने के लिए कोई कसर नही छोड़ते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सुकरी में देखने मिल रही है, जहां पर नालियों का गंदा पानी सड़को पर बहने के कारण गांव में गंदगी का आलम देखने मिल रहा है, बताया जाता है कि समीपस्थ ग्राम सूकरी में भी जगह जगह कूड़ा एवं गंदापानी जमा होने से लोग परेशान हो रहे है, क्योंकि गांव के गंदा पानी निकासी के लिए सही व्यवस्था नही होने के कारण सड़को पर गंदा पानी बहने के कारण भयानक बीमारी फैलने से संभावना से इंकार नही किया जा सकता है, यदि समय रहते हुये अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया गया तो ग्रामवासी बीमारी की चपेट में आने से नही बच पायेगे।

## मुख्य मार्गों के किनारे लगे हुये पेड़ों को आग लगाते हुये गिराये जाने से बढ़ रहा खतरा



**गाडरवारा।** राष्ट्रीय स्तर के मार्गो के किनारे लगे हुये पेड़ों को लोगों द्वारा उनके बीच आग लगाते हुये खोखला करते हुये गिराये जाने के चलते आम लोगों के लिये खतरा बनने से नही चूक रहा है। इस बात की सच्चाई बीते दिवस गाडरवारा करेली मार्ग पर ग्राम बम्हौरी के पास उस समय देखने मिली जब एक भारी भरकम पेड़ मुख्य मार्ग पर गिर जाने के कारण इस मार्ग की यातायात व्यवस्था काफी समय तक प्रभावित होते हुये देखी गई। बताया जाता है कि तत्वों द्वारा इन पेड़ो के बीच में आग रखते हुये जला दिया जाता है जिसके चलते पेड़ों का मुख्य तना कमजोर हो जाने के कारण पेड़ गिर जाते है। इस स्थिति के चलते कभी कभी यह स्थिति रहती है कि आग से जल जाने के कारण काफी समय तक यह पेड़ खड़ा रहता है, जिसके चलते मार्ग से निकनले वाले लोगों के लिये खतरा बनने से भी नही चूकता है। क्योंकि आग से जलने के बाद इस प्रकार से पेड़ के खड़े रहने के कारण जरा भी हवा चलते हुये पेड़ गिरने की स्थिति में आ जाता है इस दौरान यदि मार्ग से कोई वाहन निकल रहा हो तो वह उसकी चपेट में आने से भी नही बच पाता है, मगर इस सच्चाई को जिम्मेदारों द्वारा नजर अंदाज किये जाने के कारण पेड़ो को आग के हवाले करने वालों के हौसले जहां बुलंद नजर आ रहे है वही दूसरी ओर आम लोगों के जीवन के लिये खतरा बनने से भी नही चूक पा रहा है।

## बच्चों को भविष्य सुधारने संबंधी योजनाएं फेल



**सांईखेड़ा।** शहरों के साथ साथ ग्रामीण अंचलों में भी बच्चों का बचपन सुरक्षित करने और युवाओं का भविष्य बनाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई और उन पर प्रति वर्ष अरबो रूपये खर्च भी किये जा रहे है, लेकिन योजनाओं का उचित क्रियान्वयन नही होने से न तो बचपन सुरक्षित हो रहा है और न ही इन मासूमो का भविष्य? एक ओर जहां युवा वर्ग आर्थिक तंगी के चलते अवैध करोबार की ओर कदम बढ़ा रहे है? तो दूसरी ओर गरीब तबके के बच्चे नशे की गिरप्त में आकर अपना बचपन खो रहे है? अक्सर देखा जाता है कि रेल्वे प्लेट फार्म, होटलों में काम करने वाले अबोध और किशोर लड़के नशे की गिरप्त में आ गये है? वही कचरे बीनने वाले बच्चे भी नशे की गिरप्त से दूर नही है? शराब, सुलोचना व्हाइटनर इनके पसंदीदा नशे हो रहे है? दिन भर ट्रेनों में पानी पाउच गुटखा, सिगरेट बेचकर या शहर में पन्नी बीनकर यह बच्चें अपने नशे की वस्तु का प्रबंध कर रात को मोटी नींद का इंतजाम करते है। उल्लेखीय है कि स्कूल जाने की उम्र में जिन बच्चों के हाथो मे कलम, किताब होना चाहिए वह इस कम उम्र में दर दर भटक कर नशे का शिकार हो रहा है? शहर के चौक चौराहो पर इन बच्चों को पन्नी बीनते या भीख मांगने के अंदाज या तौर तरीके के कारण इन मासूमों पर दया खाकर लोग इन्हे भीख दे देते है,वही कई लोग इन्हे धुत्कारने से भी नही चूकते है, शहर के रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, के अलावा शासकीय चिकित्सालय व शहरी क्षेत्रों के आसपास यह बच्चे अपने नशे की व्यवस्था में जुटे हुए आसानी से नजर आ ही जाते है,यह बच्चें एकांत मे बैठकर बीड़ी, सिगरेट, गांजे, आयोडेक्स की सुट्टी लगाते हुए आसानी से बिना किसी बेरोकटोक के बाजार सहित अन्य जागहों पर देखे जा सकते है?

## महंगाई के साथ बीमारियां बिगाड़ रही लोगों के घरों का बजट, शहर में कम नजर आ रहे

**गाडरवारा।**

पिछले वर्षो से लगातार बढ़ रही महॅगाई ने तो कोरोना वायरस से बचाव को लेकर जारी लॉक डाउन के दौरान पूर्णरूप से विकराल रूप धारण कर शहर के गरीबो, मध्यमवर्गीय लोगों का तो जीना मुश्किल कर ही दिया है, साथ ही चहुॅओर व्याप्त गंदगी, खान पान की चीजें बाजार में शुद्ध न मिलने से कई तरह की बीमारियॉ भी लोगो पर हमला करने लगी है। शहर के जागरूक नागरिको का कहना है कि प्रायः हर साल नगर के वाशिन्दो को उम्मीद रहती है कि सरकारो की मेहरबानी से बाजार की महॅगाई पर लगाम लगेगी पर दुर्भाग्य उनकी आशा पूरी नही हो रही है और महॅगाई की आग में झुलसते हुए उन्हे बच्चो को पढ़ानें, घरो में शादियॉ करने, मेहमानो की आव भगत करने, त्यौहार मनाने और किसी तरह अपनी पोजीशन सुरक्षित रखने मजबूर होना पड़ रहा है, किंतु शहर के अधिकतर घर ऐसे है, जिनमें पिछले दरबाजों से बीमारियॉ प्रवेश करती रहती है। इन बीमारियों में से कुछ ऐसी है जिनके नाम पहले कभी नही सुने गए थें और इनके फैलने की स्थिति में डाक्टर तो मजे मे है। मगर इन बीमारियो का इलाज महॅगा होने से लोग हला कान हो रहे है। गौरतलब है कि बीमारियॉ बढ़नें से इन दिनो शहरवासी चिंतित होते चले जा रहे है और सड़कों पर दमकते चेहरे कम ही नजर आ रहे है, शहर के अधिकतर निवासियो का कहना है कि वर्तमान में यह अजीब दौर चल रहा है, जिसमें न भाग्य साथ दे रहा है और न ही मौसम, हालात अनुकूल रह गए है, जिंदगियॉ समस्याओं की जकड़ में है और गरीब तो गृहस्थी की गाड़ी आगे खींचने में असमर्थ होते जा रहे है, जिसको लेकर शहरवासियो का कहना है कि मानसून अपने आने का आहट इन दिनों देने लगा है पर लगता है कि अब महॅगाई, बीमारियों ने गठबंधन कर घरो का बजट बिगाड़नें की शुरूआत कर दी है, जिससे अहसास हो रहा है कि बारिश के मनभावन मौसम का रंग भी इस वर्ष फीका रहेगा।

## ओवर लोडिंग वाहन बन रहे दुर्घटनाओं का कारण, पुलिस द्वारा किया जा रहा नजर अंदाज



**गाडरवारा।** क्षेत्र में आये दिन घटित होने वाली घटनाओं को लेकर यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर जिस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई देखी जा रही है वह सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहे है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा ओवर लोड़गि वाहनों सहित नियम विरूद्व वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की बात तो कही जाती है, मगर सड़को पर इस प्रकार से दौड़ने वाहन ओवर लोडिंग वाहनों को नजर अंदाज किया जाना निश्चित ही पुलिस की उदासीन कार्य प्रणाली को उजागर करने से नही चूक पाता है? क्योंकि इस समय क्षेत्र की सड़कों पर जिस प्रकार से डेयरी संचालन करने वालों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियों में भूसा ढोने का कार्य किया जा रहा है उन ट्रालियों में भूसा भरने के लिये वह सभी नियमों का दर किनार करते हुये जिस प्रकार से भरते हुये देखे जा रहे है उसके चलते जब भूसा भरा हुआ यह वाहन मुख्य सड़को से गुजरता है तो वह पूरे मार्ग के यातायाता में व्यवधान पहुंचाने में जहां कोई कसर नही छोड़ता है, वही दूसरी ओर ओवर लोडिंग स्थिति में भरे हुये इस वाहन को यदि कोई अन्य वाहन चालक ओवर टेक करते हुये आगे निकलने का प्रयास करता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई देता ही नही और जिसके चलते बड़ी घटनाएं घटित होने से नही चूक पाती है, क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से ओवर लोड स्थिति में भूसा ले जाने वाले वाहनो के खिलाफ कार्यवाही करना चाहिये, मगर पुलिस प्रशासन इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है।

## खबर संक्षेप

### मुनगा भाजी तोड़ रहे अधेड़ की बिजली करंट लगने से मौत



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम खाल्हे डुलहरी में बिजली का करंट लगने से बिरसिंह पिता बिसाहू उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे मुनगा भाजी तोड़ रहा था जो वहीं ऊपर से गुजर रहे 11 केवी लाइन की चपेट में आने से करंट खाकर नीचे गिर गया था जिसे परिजनों ने पिकअप वाहन की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मर्ग कायम कर शव परीक्षण कराने के उपरांत अंतिम संस्कार करने के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाढ़ आपदा नियंत्रण के संबंध में बैठक 27 मई को

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने बाढ़ आपदा एवं नियंत्रण के संबंध में मानसून आगमन के पूर्व तैयारियों के संबंध में 27 मई 2024 को बैठक का आयोजन किया है। जिसमें जिला स्तर पर बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में संभावित आपदा से निपटने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों की कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही की जाना है। उक्त बैठक में जानकारी सहित उपस्थित होने के लिए अधिकारियों को आदेशित किया है ।

### सप्लायर के खाते में पंच का मानदेय भुगतान



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार और लापरवाही का आलम क्या है यह किसी से छिपा नहीं है, जनपद पंचायत बजाग में नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए अनेक कारनामे सामने आते रहते हैं वही एक और ग्राम पंचायत सरपंच सचिव द्वारा लापरवाही किए जाने का मामला सामने आया है। विभागीय अधिकारियों के आशीर्वाद और प्यार के चलते कैसे ग्राम पंचायत के नुमाइंदे नियमों को ताक पर रखकर कार्य करते हैं यह देखकर आंख बंद करना विभागीय अधिकारियों की मानसिकता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।
हम बात कर रहे हैं जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पिंडरूखी का जिसमें लापरवाही का आलम यह है कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि वार्ड पंच का मानदेय भुगतान जी एस टी सप्लायर के खाते में कर दिया गया। तर्क यह है कि सप्लायर को इस तरह की राशि खाते में लेने की आवश्यकता क्या है वहीं सप्लायरों का इस तरह फर्जीवाड़ा भी मनमानी पूर्वक जी एस टी बिलों का इस्तेमाल कर किया जा रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि इस तरह से जी एस टी बिल का इस्तेमाल पंच के मानदेय भुगतान के लिए कैसे उपयोग किया जा सकता है। ग्राम पंचायत पिंडरूखी में मेसर्स मां नर्मदा ट्रेडर्स द्वारा एक जी एस टी सप्लायर द्वारा मानदेय भुगतान पंच मानदेय मात्रा 20 दर में 2600 और कुल भुगतान 52000 रूपए का भुगतान किया गया है।
अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करते या सिर्फ खानापूर्ति कर इस तरह की लापरवाही पर शह दी जाएगी।

# छीरपानी में गहराया जल संकट मटमैला पानी पीने को मजबूर ग्रामीण



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडोरी जिले के लोग पानी को तरस रहे हैं, क्योंकि जैसे-जैसे गर्मी अपने तीखे तेवर दिखा रही है, वैसे ही डिंडोरी के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का संकट गहराता जा रहा है. जिसे देखकर यह लगता है कि ग्रामीण आदिवासी अंचलों में पानी की त्रासदी आ गई है कहने को तो विभाग करोड़ो अरबो रुपए खर्च कर रहा फिर ग्रामीण क्षेत्र में हालात बद से बत्तर है मामला ग्राम पंचायत छीरपानी के पोषक ग्राम खम्हरिया और पटपरा का जहाँ पर ग्रामीण पानी के कई किलोमीटर का सफर तय कर रहे है तो कही ग्रामीण 15 फिट गहरे कुएं में उतार गंदा पानी भरने को मजबूर है।

#### जल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

शहपुरा के ज्यादातर ग्रामीण अंचलों में लोग गंदा और मटमैला पानी पीने मजबूर है. सबसे हैरानी की



बात यह है कि लोग जान जोखिम में डालकर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्ग मुट्ठी भर पानी के लिए जतन करते नजर आ रहे हैं. गर्मियों के मौसम में लोटा भर पानी के लिए लोग न केवल कई किलोमीटर का सफर करने मजबूर हैं, बल्कि सूखे कुएं में नीचे उतरकर फूटने वाली झिर से पानी भरने की जद्दोजहद करते देखे जा सकते हैं. आदिवासी ग्रामीण ऐसे पानी से अपने कंठ तर रहे हैं, जिससे मवेशी भी मुंह फेर लेते हैं. हर साल गर्मी आते ही इस क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है. जनप्रतिनिधियों से लेकर जनपद और जिला पंचायत के अफसर इस समस्या से लड़ने के लिए सिर्फ कागजों में ही प्लान और बैठकें करते हैं. परंतु धरातल में हकीकत कुछ और ही है, लेकिन यह सब पूरी गर्मी भर चलता रहता है. उसके बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल पाता है।

## अवैध परिवहन करने वाले वाहनों पर की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व शहपुरा अनुराग सिंह के निर्देशानुसार अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की निवास तिराहा शहपुरा में जांच की गई। जिसमें संयुक्त रूप से राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के द्वारा जांच में रॉयल्टी, ईटीपी में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा में परिवहन पाये जाने पर वाहन क्रमांक एम पी 20 एच बी 8791 एवं एमपी 34 एच 0529 वाहनों को ओवर लोड पाये जाने पर थाना शहपुरा में अग्रिम कार्यवाही हेतु खडा कराया गया एवं वाहन क्रमांक एमपी 52 ए 0603 जो कि बिना किसी वैध अनुमति के गिट्टी परिवहन कर रहा था उसे पुलिस थाना शहपुरा में अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया। जिसे कार्यवाही हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा को प्रेषित किया



गया है जिस पर कार्यवाही कर खनिज शाखा डिण्डौरी में प्रकरण प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही तहसीलदार शहपुरा पुष्पेन्द्र पन्द्रे, नायब तहसीलदार शहपुरा शैलेष गौर, खनिज निरीक्षक पटले डिण्डौरी के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई।

## जिला प्रशासन ने दिए शहपुरा नगर में अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**यातायात व्यवस्था एवं आवागमन सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाना**

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद शहपुरा ने बताया कि 04 मई 2024 को कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा में मुख्य मार्ग से अतिकण हटाये जाने हेतु बैठक आहुत की गयी बैठक में शहपुरा नगरीय क्षेत्र में मुख्य मार्ग जो अत्यधिक ही व्यस्ततम मार्ग है जिस पर भारी वाहनों का आवागमन का अधिक ही दबाव रहता है उक्त मार्ग के दोनों ओर व्यवसायियों द्वारा स्थायीध्अस्थायी अतिक्रमण किया गया है जिसके कारण जनाक्रोश फैलने जैसी स्थिति निर्मित होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, अतएव उक्त स्थलों से स्वयं अतिक्रमण




हटाकर प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थल पर फल, सब्जी हेतु विकास खण्ड कार्यालय के पास स्थित मैदान पर गुपचुप चाट एवं चाउमिन आदि की दुकानों हेतु मानस भवन के पास स्थित चैपाटी मैदान में लगाये जाने के संबंध में दिनाँक 15.05.2024 को कार्यालय नगर परिषद शहपुरा के सभागार में बैठक आहुत की गयी थी किन्तु उक्त बैठक में कोई उपस्थित नहीं हुआ। मुख्य मार्ग के दोनो ओर किये स्थायी ध अस्थायी अतिक्रमण म०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 223 के विपरीत है। अतः कलेक्टर विकास मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा अनुराग सिंह के आदेशानुसार मुख्य मार्ग के दोनो ओर स्थायी एव अस्थायी अतिक्रमण कर्ताओ को सूचित किया जाता है कि आप 07 दिवस के भीतर दिनांक 27.05.2024 तक अपना अस्थायी ध स्थायी अतिक्रमण हटाकर प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल पर व्यवसाय किया जाना सुनिश्चित करें, आपके द्वारा निर्धारित अवधि तक अतिकमण न हटाये जाने की दशा में दिनाँक 28.05.2024 को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जावेगी जिसमें होने वाले व्यय की संपूर्ण राशि की वसूली आपसे की जाकर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जबाबदारी आपकी होगी।

## उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्रों को ऑन जॉब का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर रोजगार कैसे प्राप्त करना है उसके बारे में विद्यार्थियों को दिया जा रहा मार्गदर्शन**



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** शहपुरा स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धिरवनकला में कक्षा 10वी उत्तीर्ण विद्यार्थी जो व्यावसायिक पाठ्यक लिए थे ऐसे विद्यार्थियों को ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसका शुभारंभ 3 मई को किया गया। यह कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य डॉ डी के श्रीवास्तव एवं धिरवनकला प्राचार्य बी सी झरिया एवं शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को गोविंद इंस्टीटूट ऑफ एजुकेशन लेकर पहुंचे जहां उन्हे शिवम पाठक के द्वारा एम एस आफिस में कार्य कैसे किया जाता है सहित अन्य जानकारियां उपलब्ध करवाई गई और उन्हें बताया गया कि ऑनलाईन कार्य कर रोजगार कैसे प्राप्त कर सकते है। साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्वयं का व्यापार कर अपने आप को कैसे मजबूत कर सकते है उसके बारे में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। और छत्र-छात्राएं भी रूचि लेकर ऑन जॉब का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। चर्चा में व्यावसायिक शिक्षक देवेंद्र साहू एवं अभिलाष तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शहपुरा स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं धिरवनकला उज्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम जारी है जहां छात्र-छात्राओं को आईटी के विषय की पढ़ाई करवाई जाती है, शासन के निर्देश है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को 80 घंटे का ऑन जॉव का प्रशिक्षण दिया जाये। इसी निर्देश के परिपालन में 3 मई से उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 10 से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को वर्किंग के साथ कैसे जॉब करना है इसलिए उन्हे ऑन जॉब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि 12वीं उत्तीर्ण होने के बाद वे किसी भी कंपनी में या स्वयं का व्यवसाय कर रोजगार प्राप्त कर सकते और आज छात्र-छात्राओं को आधार केन्द्र में किस तरह से आधार कार्ड अपडेशन सहित अन्य कार्य किये जाते है उसके बारे में बताया गया है और यह प्रशिक्षण 22 मई तक जारी रहेगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राधा स्वामी सत्संग व्यास सेंटर के सेवादारों द्वारा शहपुरा की सेवा



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से शहपुरा नगर के राधा स्वामी सत्संग व्यास सेंटर में स्वच्छता का अनूठा सेवाकार्य मैया अभियान के तहत किया गया। आज अभूतपूर्व दिवस है इस अवसर पर आज राधा स्वामी सत्संग व्यास सेंटर शहपुरा के लगभग 60 सेवादारों ने अभूतपूर्व सेवा करते हुए देवी मढ़यिा तालाब के घाट पर साफ सफाई किए। इस अवसर पर नगर परिषद शहपुरा के कर्मचारियों की सहयोग एवं उपस्थिति रही।

## चन्द्रविजय महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत डिण्डौरी जिले के विधानसभा 103 शहपुरा, 104 डिण्डौरी के शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा 04 जून 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 के होने वाली मतगणना में शामिल कर्मचारियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं के पृथक पृथक प्रवेश, ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक लाने ले जाने वाले कॉरिडोर और उसमें की जाने वाले कलर कोडिंग, वीवीपीएटी की पर्ची की काउंटिंग के लिए वीसीबी बूथ, सीलिंग कक्ष, मीडिया रूम एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी राजेश कुमार कौल को प्रदाय किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग की बैठक आयोजित की। जिसमें कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। जिसमें कृषि उपसंचालक अधिकारी ने कृषि विभाग के अंतर्गत योजना के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जिले में नवीन तकनीक के कृषि यंत्रों के प्रोत्साहन हेतु सभी प्रकार के कृषि यंत्रों एवं सिंचाई उपकरणों पर अनुदान का लाभ ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

ग्राम स्तर पर कृषि यंत्रों की उपलब्धता बढाने एवं नवीन तकनीक के कृषि यंत्रों के प्रोत्साहन हेतु निजी कस्टम हायरिंग स्थापित करने हेतु 40 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपये का भुगतान दिया जाता है। यंत्रों कि सुगम उपलब्धता एवं निम्न दर पर किराये पर यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शासकीय कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना तथा नवीन कृषि यंत्रों के प्रोत्साहन हेतु प्रतिवर्ष यंत्रदूत ग्रामों का चयन प्रदर्शन, प्रशिक्षण, भ्रमण तथा संगोष्ठि कृषकों को लाभांवित किया जाता है। कृषि विभाग के द्वारा जिले में म.प्र. शासन के द्वारा कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई- नई तकनीकी कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्र जीरो टिल सीड ड्रिल, स्ट्रॉ रीपर, सुपर सीडर,थ्रेडर, रीपर कम बाइंडर, बेलर, स्ट्रा रेक, रीपर कम बाइन्डर, हैम्पी सीडर, स्ट्रा रीपर (भूसा कटाई यंत्र), रोटा वेटर, मोबाइल श्रेडर एवं क्रॉप मल्चर, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, रेज्डबेड प्लान्टर, रिवर्सिवल प्लाऊ, स्वचलित राईस ट्रान्सप्लान्टर, पावर टिलर, बहु फसली गहाई यंत्र, लेजर लेवलर आदि कृषि यंत्र खरीदने पर कृषि विभाग से मिलने वाली अनुदान के बारे में चर्चा की ।

#### नरवाई जलाने के हानिकारक प्रभाव

किसानों के द्वारा किसानों के द्वारा फसलों की कटाई के उपरांत खेतों में आग लगाने को रोकने के उद्देश्य से खेतों में फसलों के अवशेष जलाने से मिट्टी में मौजूदा मित्र कीट पूरी तरह से नष्ट हो जाते हैं, लाभदायक बैक्टीरिया एवं सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाने की वजह से भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होने लगती है, जिससे फसल का उत्पादन कम होता है। नरवाई को किसान खेत में उपयोग करें जिससे देशी जैविक खाद की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

#### नरवाई जलाने पर सरकार द्वारा जुर्माना

नरवाई जलाने पर सरकार द्वारा जुर्माना भी लगाया जा रहा है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के कारण फसल कटाई के बाद बची फसल यानी नरवाई को जलाना प्रतिबंधित किया गया है। नरवाई जलाने पर 15 हजार रूपये तक का जुर्माने का प्रावधान है। अंत में उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले के सभी कृषक ''एमपी किसान पोर्टल'' में पंजीयन कराएं जिससे उन्हें खरीफ में बोई जाने वाली बीजों को उपलब्ध कराया जा सके। जिन किसानों का पंजीयन न होने की स्थिति में बीज मिलना दिक्कत आ सकती है। इसलिए समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन जाकर पंजीयन कराएं जिससे अनुदान सहित बीज उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी सुश्री अभिलाषा चैरसिया, नेहा धूरिया, मीना परते, चेतराम अहिरवार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुखमेर नदी संरक्षण कार्य के अंतर्गत किया गया श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास जी मिश्रा के मार्गदर्शन में आज 22 मई दिन बुधवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा डिण्डौरी जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर विकासखंड अमरपुर में जन अभियान परिषद द्वारा चयनित सुखमेर नदी खसी घाट ग्राम पंचायत चांदपुर ग्राम आमगांव में नदी स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 25 व्यक्तियों द्वारा 3 घंटे श्रमदान कर नदी के दोनों तटों पर लगे झाड़ियां, घास एवं गाद की सफाई की गई। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच अमृत सिंह परस्ते विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे, धोबी सिंह परस्ते वरिष्ठ समाजसेवी तथा गुलाब सिंह ठाकुर सेवा निवृत्त वरिष्ठ अध्यापक, साहब लाल पुशाम सीएमसीएलडीपी मेंटर्स एवं छात्र, प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्थाओं के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा श्रमदान किया गया तत्पश्चात उपस्थित समस्त लोगों को पुलाव का स्वल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### बी फार्मा में अंकिता ने कालेज में किया टॉप



**नरसिंहपुर ।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत व्ही एन एस कालेज में नरसिहपुर की बिटिया अंकिता शर्मा ने नियमित परीक्षार्थी के रूप में बी फार्मा फर्स्ट सेम की परीक्षा सर्वाधिक 89.3: अंक से उत्तीर्ण कर कालेज के सभी सेक्शन में टाप किया है। छात्रा अंकिता शर्मा संस्कार सिटी नरसिहपुर निवासी जनशिक्षक आर पी शर्मा की सुपुत्री हैं। बिटिया अंकिता की सफलता पर सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### तलवार से लोगों को डराने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर ।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भारत सिंह रघुवंशी के न्यायालय द्वारा आरोपी अमन उर्फ बड्डू डागोर आत्मज अंजू डागोर आयु-24 निवासी- शिवाजी वार्ड, अखाड़ी मोहल्ला, कोतवाली, जिला- नरसिंहपुर, म.प्र. को धारा-25 (1-बी) (बी) आयुध अधिनियम में दो वर्ष का सश्रम कारावास व 1,000- रूपये का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### तेंदुए ने किया हमला



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस तेदूपत्ता तोड़ने गये व्यक्ति पर तेंदुए ने हमला कर दिया गया जिससे वह गंभी र घायल हो गया। बताया गया कि जुगपुरा निवासी गौतम मल्लाह तेदूपत्ता तोड़ने जा रहा था तभी तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया जिसे उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र बेलखेड़ा ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया ।

### विश्व शांति के नव दिवसीय अनुष्ठान की पूर्ण आहूति आज

**राजमार्ग ।** वैशाख माह के शुभ अवसर पर गंगा सप्तमी से बैशाक पूणिमा तक महामृत्युंजय रूद्री निर्माण रूद्राभिषेक श्रीमद्भागवत परायण नवग्रह शांति एवं विश्व शांति हेतु माँ नर्मदा उत्तर तट छात्रावास के पास ढोड़ा वाले गुरु पं लक्ष्मी नारायण तिवारी के सानिध्य में वनारस एवं वृंदावन से पधारे हुए बा्म्हणो द्वारा नव दिवसीय अनुष्ठान किया जा रहा है स इस अनुष्ठानी बा्म्हण पं राजा राम चतुर्वेदी, पं आशुतोष मिश्रा,पं राकेश तिवारी पं चंद्कांत चैबे ,पं सूरज महाराज पं अजय दुबे पं जितेंद्र तिवारी,पं नील कुमार के द्वारा अनुष्ठान किया जा रहे स अनुष्ठान के दौरान आज अंतिम दिन मुख्य यजमान राव उदय प्रताप सिंह परिवहन ,शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन ,भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, तेंदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल , जिला उपाध्यक्ष शीला देवी ठाकुर भगवान, अजब सिंह रघुवंशी जयप्रकाश लोधी, यशपाल लोधी, मीता बाई डॉ प्रदीप,सत्यम रघुवंशी डाल चंद ,महेश रघुवंशी, डॉ हरगोबिन्द सिंह , भागीरथ तिवारी सुभाष तेनगुरिया, गीत गोविंद पटेल, अंकित नेमा , ब्रजेश कहार ,राजेश सेन , अनुराग तिवारी और समस्त भक्त परिवार शिव मंदिर नर्मदा उत्तर तट पर उपस्थित रहेंगे ।

### मृदा परीक्षण हेतु लिये जा रहे सैंपिल

**नरसिंहपुर ।** जिले में कृषि विभाग की स्वाइल हेल्थ फर्टीलिटी योजना के अंतर्गत किसानों के खेत से मृदा के नमूना लेने और मृदा परीक्षण के संबंध में जागरूकता लाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न फसलों में उर्वरकों के लगातार असंतुलित मात्रा में उपयोग से मृदा की गुणवत्ताध् प्रभावित हुई है। मृदा में सूक्ष्म तत्वों के स्तर का पता, मिट्टी की जांच के बाद ही लगाया जा सकता है। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि जिले की मृदा में स्वाइल मैप के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्व आयरन, जिंक एवं सल्फर की कमी पाई गई है। इनकी पूर्ति के लिए किसान बेहतर फसल उत्पादन के लिए अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर स्वाइल एप के माध्यम से मिट्टी नमूना की जांच कराएं।

# एक खंब पर विराजमान नगरदेव

## नरसिंह जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित



### नरसिंह स्तंभ के दर्शन हेतु तलघरे में उतरे हजारों श्रद्धालु

बुधवार को नगरदेव भगवान नरसिंह देव जी की जयंती जाट युवा मोर्चा व समाजजनों द्वारा नरसिंह महोत्सव के रूप में उत्साह व भक्तिभाव के साथ मनायी गयी।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर





आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से ब्रम्ह मुहूर्त में नरसिंह प्रभात फेरी के द्वारा भगवान श्री नरसिंह का यशोगान करते हुए विशेष रूप से रामधुन निकाली गयी जानकारी अनुसार यह रामधुन महोबिया मोहल्ला से प्रारंभ होकर बूढे. नरसिंह मंदिर पूजा अर्चना करने के साथ तलापार चैक, नरसिंह मंदिर, और फिर गुलाब चैराहा, बडे.पुल गांधी चैक से होते हुए शहर के कई वार्डो में अलख जगाती रही। प्रभात फेरी के तत्पश्चात नरसिंह मंदिर के पुजारी पं. सोनकिया बड्डू महाराज के मार्गदर्शन में भगवान नरसिंह का महाभिषेक किया गया और दिन भर भजन-कीर्तन नरसिंह मंदिर में चलते रहे। दूसरी ओर जिले के ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर के तलघरा में स्थित नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए देर रात तक श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### आतिशबाजी व जयघोष की रही गूंज

शोभायात्रा के पश्चात शाम के समय भगवान नरसिंह मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने आयोजित महाआरती में भाग लेकर जन्मोत्सव के कार्यक्रम में जमकर आतिशबाजी की और पूरा परिसर काफी देर तक जय नरसिंह के उद्घोष से गूंजता रहा। नरसिंह जयंति पर ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर की सजावट देखते ही बन रही थी। जाट युवा मोर्चा द्वारा मंदिर को आधुनिक तरीके से सजाया गया सुबह से लेकर शाम तक भक्तो की भीड़ अनवरत बनी रही।

### निकाली गई शोभायात्रा

नरसिंह जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य रूप से नरसिंह मंदिर से शाम के वक्त भगवान नरसिंह के चित्र के साथ विशाल वाहन रैली-शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा नरसिह मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चैक,सुभाष चैराहे से बाहरी रोड होते हुये मुशरान पार्क से मुख्य मार्ग कंदेली से नरसिह मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। जिसमें जाट युवा मोर्चा के सदस्य मोटर सायकिलों में सवार होकर जय नरसिंह के नारे लगाते आगे बढ़ रहे थे। अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार बनाये गये थे।

### हजारों लोगों ने किये नरसिंह स्तंभ के दर्शन

जिले के ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर के तलघरा में स्थित नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा खासकर शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक भारी संख्या में श्रृद्धालुओं की उपस्थिति यहां बनी रही। व्यवस्था बनाने में स्वयं सेवी कार्यकर्ताओं व पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ज्ञात हो कि नरसिंह मंदिर एक खंब पर खड़ा हुआ जिसके गर्भगृह को बर्ष मे एक बार को खोला जाता है । जिसके दर्शन हेतू भक्तो की काफी भीड़ रही ।



# प्रजापति समाज द्वारा प्रतिभावान बच्चों को किया गया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बीते दिवस नरसिंहपुर के गाडरवारा तहसील में होटल राजवंश में प्रजापति समाज के लोगों ने एकत्रित होकर समाज में अच्छे अंक लाने वाले 10वीं एवं 12वीं के बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया यह आयोजन उन बच्चों के लिए था जो प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है जिसमे कक्षा दसवीं मैं कुल छात्र संख्या 41 थी । कार्यक्रम में उपस्थित 35 बच्चे रहे। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान भारती प्रजापति ,पीयूष प्रजापति , अंकिता प्रजापति ,पारस प्रजापति ,प्रिंसी प्रजापति, हरि ओम प्रजापति ,रानू प्रजापति,यशवती प्रजापति ,नेहा प्रजापति ,ओमप्रकाश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति ,स्वास्तिक प्रजापति ,रोशनी प्रजापति , संजना प्रजापति ,हेमवती प्रजापति ,धर्मेंद्र प्रजापति , प्रतिभा बिटिया दिव्या प्रजापति छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई जीवन में सदैव आगे बढ़े और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें । निश्चित ही यह छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह हमें एवं छात्र छात्राओं को एक उत्साह नई उमंग ,नई ऊर्जा देने वाला है। कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी अभिभावकों का उपस्थित मातृशक्ति का, सभी समिति सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। उक्त मौके पर गोविन्द प्रजापति , धनराज प्रजापति, रामदास ,परमानंद , रमेश , मोहन ,अशोक , जितेंद्र ,कमलेश प्रजापति , गणेश प्रजापति पत्रकार, तेजराम गणेश प्रजापति (बिट्टू भैया) ,केदार प्रजापति सहित अन्य समाजिक बंधु मौजूद रहे ।

# खनिज विभाग की मिलीभगत से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



तहसील क्षेत्र करेली के ग्राम खैरी महलपुरा मे धड़ल्ले से पीली मिट्टी का खनन किया जा रहा है । इस अवैध खनन को लेकर कई बार जागरूक नागरिकों द्वारा शिकायत की जाती है तब संबंधित प्रशासनिक अमला इस मामले में एक दूसरे विभाग के ऊपर जिम्मेदारी डालकर कार्रवाई करने से बचता है। बीते कुछ दिवस पूर्व करेली जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खेरी महलपुरा के सरपंच सहित ग्रामीणों ने लिखित शिकायत जारी कर उनके गांव के मध्य से गुजरने वाली नवनिर्मित सड़क पर पीली मिट्टी भरकर ओवरलोड तरीके से जाने वाले हाइवा से होने वाले नुकसान और सड़कों की क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की थी जिस पर कई दिन बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस तरह से इस पीली मिट्टी का खनन किया जा रहा है उसमें नियम कायदों को दरकिनार किया जा रहा है कहीं श्मशान घाट की भूमि तो कहीं अन्य शासकीय भूमि जो किसी दूसरे उपयोग के लिए आरक्षित रहती है उसे पर बगैर किसी अनुमति के खनन किया जा रहा है इसमें खनिज विभाग की भूमिका भी सवाल खड़े करती है। भूमि को बड़ी गहरी खोद कर तालाब जैसे बना डाला है राजस्व विभाग के पटवारी व तहसीलदार सहित खनिज अधिकारी को इस पूरे खनन के लेकर कार्रवाई करना चाहिये । संबंधित अधिकारियों से जब इस संबंध में बात की जाती है तो वह कोई भी जानकारी देने से सब बचते नजर आते हैं गौरतलब है कि नरसिंहपुर तहसील और राजस्व अन्य विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनमें इस कदर पीली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है किंतु किसी भी विभाग के पास यह फुर्सत नहीं है कि वह यह पता कर सके कि यह पीली मिट्टी आखिर आ कहां से रही है चिंता की बात यह है कि जिस तरह से मिट्टी का खनन किया जा रहा है उसे स्थान पर गहरी गहरी कई फीट के गड्ढे हो रहे हैं जिसमें आने वाले बारिश के समय में गोवंश सहित अन्य किसी बड़े जान माल के नुकसान की भी आशंका बन रही है।

# राजनैतिक दलों को मतगणना की प्रक्रिया से कराया रूबरू

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतगणना 4 जून को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मतगणना की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, राजनैतिक दलों से प्रतिनिधि के तौर पर अमितेन्द्र नारोलिया, नरेन्द्र राजपूत, हरगोविंद सिंह, अंकित चैधरी, झब्बूलाल अहिरवार व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# वैशाख पूर्णिमा आज, नर्मदा घाटों पर हो पुलिस व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

गुरूवार को वैसाखी पूर्णिमा पर नर्मदा के सभी घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की बहुत ही अधिक भीड़ पड़ेगी, चूँकि अभी वरगी बाँध से पानी छोड़ा जा रहा है सभी घाटों जल की अधिकता एवं भीड़ के कारण श्रद्धालुओं के डूबने जैसी घटनाओं को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिये। विगत दिनों नर्मदा नदी में डूबकर मरने की घटनाओं को ध्यान में रखकर नदी के तटों पर तैराकदल की तैनाती के साथ साथ गहराई से पहले वैरीकेट लगाए जाने चाहिए जिससे स्नान करने वाले गहराई तक न पहुंच सकें ओर किसी भाँति की होनी-अनहोनी से बचा जा सके। 'वाहनों को दूर ही रोका जावे। आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की सभी तटों पर निः शुल्क एवं सुचारू पार्किंग व्यवस्था हो जिससे बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से यातायात व्यवस्था में व्यवधान न हो। वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर सागर, रायसेन ,होशंगाबाद, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों का आना होता है। नर्मदा भक्तों को दंडवत करते हुए, पैदल चलते हुए आते हैं और मां नर्मदा नदी का पूजन दर्शन करते हैं लाखों की संख्या में भी दो पहिया, चार पहिया वाहन आते हैं। इन चार पहिया वाहनों से और दो पहिया वाहनों से ग्राम पंचायत बरमान कला के द्वारा वसूली की जाती है वसूली करते समय वसूली करने वाले श्रद्धालु भक्तजनों के साथ मनमानी रसीद काटते हैं और अनाप-शनाप शब्द का भी प्रयोग करती है। पंचकोशी परिक्रमा मार्ग व्यवस्थित हो। पुराने पंचकोशी मार्ग को प्रशासन ने क्यों बंद किया यह बताना आवश्यक है जबकि पुराने मार्ग से ही पूर्ण पंचकोशी परिक्रमा होती थी। अब नव मार्ग से पंचकोशी लगभग १६ किलोमीटर की यात्रा सिर्फ ५-६ किलोमीटर की रह गई है। इस मार्ग पर भी सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण रास्ते में कितने ही स्थानों पर इतनी गंदगी एवं दुर्गंध रहती है कि साँस लेना भी दुष्कर हो जाता है, इस नाममात्र के पंचकोशी मार्ग पर शौच करने पर या तो रोक लगे या फिर उस दिन के लिए पूर्णतः साफ किया जावे, रास्ते में उगी तीन-चार फुट लंबी गाजर घाँस एवं अन्य झाड़ियों का कटना आवश्यक है।

# पांचवीं आठवीं के छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने एक और मौका

**तेंदूखेड़ा** कक्षा पांचवीं और आठवीं में जो भी बच्चे एक या अनेक विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए हैं । वह पुनः परीक्षा देकर इसे पास कर सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं की परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस संबंध में चाँवरपाठा बीआरसी सुनील श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जन शिक्षा केंद्र में केवल एक परीक्षा केंद्र रहेगा। परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के हस्ताक्षर से जारी होगी। परीक्षा केंद्र में पर्यवेक्षक की नियुक्ति जन शिक्षा केंद्र प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से अनुमोदन करके करेंगे।

### इस बार प्रश्न पत्रों के पैकेट नहीं दिए जाएंगे

परीक्षा दिवस पर परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष की आईडी पर सुबह 6 बजे से प्रश्न पत्र लाइव हो जाएगा परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दिवस ही ऑन स्पॉट प्रिंट कर प्रश्न पत्र डाउनलोड कर निकालने होंगे। परीक्षा केंद्र पर उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था पूर्व में दी गई उत्तर पुस्तिकाओं में से करें। सुनिश्चित कर लेने की पर्याप्त मात्रा में उत्तर पुस्तिकाएं सभी के पास हों। शिक्षक ग्रीष्म अवकाश के दौरान फोन पर या अन्य उचित किसी प्रकार से अनुत्तीर्ण बच्चों से संपर्क कर कमजोर विषय में मदद करें एवं वह कौन से विषय में अनुत्तीर्ण है उसकी परीक्षा किस दिनांक को है एवं कहां है बताएं एवं होमवर्क देवें। 1 जून से सभी शिक्षकों को विद्यालय में अनिवार्यता उपस्थित होना है।अनुत्तीर्ण बच्चों को भी विद्यालय में बुलावे प्रवेश पत्र एवं परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी बताएं।

परीक्षा केंद्र पर बच्चों को लाने की व्यवस्था संबंधित संस्था प्रधान एवं शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी। यदि किसी विद्यालय के बच्चे सम्मिलित नहीं हो पाते हैं तो संस्था प्रधान एवं शिक्षक पर कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एवं जन शिक्षक परीक्षा संबंधी समस्त गतिविधियों को समय पर संपादित करना सुनिश्चित करेंगे।

# जहां तहां से मुंह फाड़ने लगी तेंदूखेड़ा बरमान सड़क शुरू से ही गुणवत्ता पर उठने लगे थे प्रश्न चिन्ह

तेंदूखेड़ा



विगत 3 वर्ष पूर्व डोभी इमझिरा होकर तेंदूखेड़ा से चांवरपाठा एन एच 44 तक लगभग 33 करोड की लागत से सीमेंट सड़क का निर्माण किया गया था। जिसके उचित रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित ठेकेदार की थी लेकिन लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण उक्त सड़क मार्ग पर बीचो-बीच लगभग जगह जगह से बड़ी बड़ी दरारें आने लगीं हैं।परिणाम स्वरूप दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कभी भी उक्त दरारों में बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती हैं। दरारों में बाइक चालकों के चाक घुसने की अशंका बनीं रहती है।ज्ञात हो कि क्षेत्र वासियों द्वारा निर्माण के दौरान ठेकेदार से सहानुभूति पूर्वक कहा भी गया था कि बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण हो रहा है ।इसे गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण करें। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग तत्कालीन अधिकारियों की मिली भगत और हीला हवाली के चलते गुणवत्ता को ताक पर रख कर सड़क का निर्माण किया गया है। दरारों के अलावा जगह जगह से रोड के बीचों बीच से भी दरारे दिखने लगी है ।, 24 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों साइड की पटलियो पर कहीं कहीं गाजर घास व झाड़ियां हो गई है जिससे आने वाले वाहनों को पटलिया दिखाई नहीं देती। स्थानीय राहुल पाठक का कहना है कि जगह-जगह मार्ग में गड्ढे निकल आए हैं जिससे आगे चल कर और क्षतिग्रस्त होता चला जाएगा, यदि समय रहते मार्ग पर ध्यान नहीं दिया गया । आने वाले समय में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान डोभी और इमझिरा के समीप छोटी पुलिया के निर्माण की बात भी अधिकारियों व ठेकेदार से की थी लेकिन उक्त पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया।जिसके कारण बरसात मैं सड़क आवागमन बंद हो जाता है तथा निचले स्तरों में बने मकानों में भी जलभराव हो जाता है। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात पूर्व पुलिया का निर्माण कराया जाए।